**25/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और मॉलदीव ने आज 4 समझौता ज्ञापनों और 3 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते मत्स्य पालन और जलीय कृषि, डिजिटल समाधान और भारतीय औषधकोश को मान्यता देने के क्षेत्र में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **हुलहुमाले** में भारत की क्रेता ऋण सुविधाओं के अंतर्गत निर्मित 3,300 सामाजिक आवास इकाइयाँ सौंपीं। इस बीच, भारत ने मॉलदीव को 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सहायता प्रदान की है। इस वित्तीय सहायता से देश भर में प्रमुख बुनियादी ढाँचा और विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण की उम्मीद है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज असम के दिनजन सैन्य स्टेशन पर भारतीय सेना के अधिकारियों के साथ बातचीत की। राज्यपाल ने वर्तमान के जियोपोलिटिकल इकोसिस्टम, ऑपरेशन सिंदूर के रणनीतिक निहितार्थ और अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं की सुरक्षा एवं इसके विकास में भारतीय सेना द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से बात की। उन्होंने अधिकारियों से ऑपरेशन सिंदूर का गहन अध्ययन करने और इसे परिचालन, रणनीतिक और मानवीय सहित कई पहलुओं से परखने का आग्रह किया। इससे पहले, 2 माउंटेन डिवीजन के जीओसी, मेजर जनरल वी.एस. देशपांडे ने राज्यपाल को डिवीजन की परिचालन जिम्मेदारियों और सद्भावना

परियोजनाओं के तहत अरुणाचल प्रदेश में सेना की व्यापक सद्भावना पहलों के बारे में भी जानकारी दी।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर राज्य की जनता की ओर से कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में, राज्यपाल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल विजय का जश्न मात्र नहीं है। यह हमारे सशस्त्र बलों के असाधारण साहस, निस्वार्थ बलिदान और अटूट देशभक्ति का एक सशक्त स्मरण है।

0000000000000000000000

राज्य सरकार और सियांग ज़िले के रियू गाँव के लोगों ने आज ईटानगर में अपर सियांग मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट्स की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, कैबिनेट मंत्री ओजिंग तासिंग, मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता और सियांग उपायुक्त पी.एन. थुंगन की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रियू गाँव के साथ समझौता ज्ञापन इस बात की पुष्टि करता है कि समावेशी विकास तभी संभव है जब सरकार और लोग विरोध में नहीं, बल्कि आपसी समझ के साथ मिलकर आगे बढ़ें।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (APSCW) की टीम ने चैयर पेर्सन यालेम तागा बुरांग के नेतृत्व में अपने सदस्यों के साथ ज़ू रोड ऑफिसर कॉलोनी, ईटानगर में स्थित वन स्टॉप सेंटर (OSC) का दौरा किया। कर्मचारियों के साथ बातचीत में, टीम ने उन्हें केंद्र में आने वाली मुश्किलों से अवगत कराया। इस बीच, APSCW ने राज्य सरकार से इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर देखने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत, तवांग के हॉर्टीकलचर डेपार्टमेंट द्वारा आज अतिरिक्त उपायुक्त, जांग के कार्यालय में बागवानी इनपुट किट्स का वितरण किया। इस अवसर पर, केंद्र प्रायोजित योजना 'एकीकृत बागवानी विकास मिशन' के अंतर्गत जांग-थिंगबू ब्लॉक के 45 लाभार्थी कृषक परिवारों को बागवानी किट प्रदान की गईं।

0000000000000000000000

51वें नामपोंग निर्वाचन क्षेत्र के विधायक, लाइसम सिमाई के नेतृत्व मे कल राष्ट्रमंडल युद्ध समाधि आयोग (CWGC) के प्रतिनिधियों ने द्वितीय विश्व युद्ध के सिमेट्री, लाल पूल, हैमिल्टन ब्रिज, हेल गेट और पांगसौ पास की ओर जाने वाले ओल्ड स्टिलवेल रोड के ऐतिहासिक हिस्से का सर्वे किया। इस अभियान का उद्देश्य इन स्थलों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर ज़रूरी अपग्रेड हेतु क्षेत्रों की पहचान करना था। दौरे को संबोधित करते हुए विधायक इस पहल के प्रति स्थानीय सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 8 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, सियांग, अपर सियांग, आंजाव और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000

विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पहले स्थगन के बाद दोपहर 2 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्यों ने अपना हंगामा जारी रखा और सदन की कार्यवाही बाधित की। राज्यसभा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

0000000000000000000000

सीबीआई द्वारा बुधवार को कॉलेज ऑफ़ एग्रीकलचर, पासीघाट के एक एसिस्टेंट प्रोफेसर समेत दो लोगों को 55,000 रुपये की रिश्वत लेने-देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मेसर्स मैट्रिक्स सॉल्यूशन, पासीघाट के आनंद कुमार द्विवेदी और एसिस्टेंट प्रोफेसर पवन कुमार गौदर के रूप में हुई है। सीबीआई द्वारा बुधवार को मामला दर्ज करने के बाद ये गिरफ्तारियाँ की गईं। दोनों आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। आरोपियों के परिसरों की तलाशी के साथ ही आगे की जाँच जारी है।

0000000000000000000000